तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 28 जून 2026

13 मानसून की दगाबाजी से पिछड़ी खेती, खुर्रा बोनी...



14 बारिश के इंतजार के बीच खरीफ फसल की तैयारियों...





# अब सोसायटियों से सीधे मिलेगा यूरिया-डीएपी; भूमि के रकबे के आधार पर होगा वितरण

**रासायनिक खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था पूरी तरह समाप्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ सीजन के बीच गरियाबंद जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रासायनिक खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी है। अब जिले के किसान सहकारी समितियों एवं प्राथमिक कृषि साख समितियों (सोसायटियों) से यूरिया, डीएपी सहित अन्य रासायनिक खाद प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार के ई-टोकन या पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। नई व्यवस्था के तहत किसान सीधे अपनी नजदीकी समिति पहुंचकर निर्धारित नियमों के अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग के निर्देशानुसार खाद का वितरण किसानों की भूमि के रकबे के आधार पर किया जाएगा, ताकि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध हो सके। गरियाबंद जिले में मानसून की अनिश्चितता के बीच किसान धान सहित खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे समय टोकन व्यवस्था समाप्त होने से किसानों को खाद लेने के लिए लंबी प्रतीक्षा और बार-बार समिति के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें एक बार में ही आवश्यक मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।




### कालाबाजारी और जमाखोरी पर रहेगी सख्त नजर

कृषि विभाग ने खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध बिक्री पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। विभागीय टीमें जिले की समितियों और खाद विक्रेताओं का नियमित निरीक्षण करेंगी तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग का मानना है कि नई व्यवस्था से गरियाबंद जिले के किसानों को खरीफ सीजन में समय पर खाद उपलब्ध होगी, जिससे धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई और कृषि कार्यों में तेजी आएगी तथा किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## खबर संक्षेप

### गोविंद अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के बने संयोजक



**फिंगेश्वर।** प्रवीण साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज गरियाबंद के द्वारा जिला स्तरीय साहू समाज के बैठक में सभी समाज प्रमुख प्रबुद्ध जनो की उपस्थिति में गोविन्द साहू को अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक अध्यक्ष के लिए मनोनीत किया गया है। मनोनीत होने पर गोविन्द साहू ने प्रवीण साहू सहित सभी समाज प्रमुख एवम प्रबुद्ध जनों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान चंद्रकांत साहू, चेतन साहू, तुलश साहू, रवि साहू ज्ञान साहू, भूलेशु साहू ,केशो साहू, सन्तोष साहू, शत्रुघ्न साहू, कृष्णा साहू, उत्तम साहू, कोमल साहू, गोवर्धन साहू, जागेश्वर साहू, धर्मेन्द्र साहू, ताराचंद साहू, लीला साहू, अशोक साहू, भैयाराम साहू ने शुभकामाएं दी।

### छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक आज



**पाण्डुका।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 28 जून 2026 दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे से गुरु घासीदास संस्कृतिक भवन न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में आयोजित की गई है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया समाज की हो रही उपेक्षा के संबंध में चर्चा किया जाएगा। इस बैठक में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ से जुड़े समस्त समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश के समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य जिला के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित होंगे ।

### बासीन में निषाद समाज का जिला स्तरीय बैठक आज

**फिंगेश्वर।** 28 जून को आज निषाद समाज जिला गरियाबंद का जिला स्तरीय वार्षिक बैठक ग्राम बासीन में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गयी है। उक्त बैठक में जिला, क्षेत्रीय, परिक्षेत्रीय पदाधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ के अलावा सभी क्षेत्र एवं परिक्षेत्र के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे उक्त बैठक में क्षेत्रीय सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा परिचर्चा की जानी है उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष मोतीराम निषाद बिजली वाले ने सभी पदाधिकारी से अपील की है वे सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

### एल्डर मेन की नियुक्तियों पर ब्राम्हण समाज असंतुष्ट

**नवापारा-राजिम।** राज्य शासन द्वारा हाल ही में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षदों एल्डरमैनों की नियुक्ति की गई है। कुछेक समाज के लोगो ने असंतोष जाहिर किया है। नगर के ब्राह्मण समाज ने सर्वप्रथम अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रतिनिधित्व को नजरअंदाज किया गया है। इसके बाद जैन समाज ने भी सूची को लेकर असंतोष जताया है वहीं, सेन समाज को प्रतिनिधित्व न मिलने से नगर में विरोध के स्वर सामने आया हैं। सेन समाज एवं सेलून संघ के पदाधिकारियों ने इस निर्णय पर नाराजगी जाहिर की है।

**दहशत :** हाथियों के चिग्घाड़ से वनोपज संग्रहण करने जंगल गए ग्रामीण भागते लौटे घर

# हाथियों के दल ने मचाया आतंक, सिहार में तोड़ा मकान, फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

लंबे समय के बाद गरियाबंद वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मैनपुर के ग्राम सिहार, दबनई, फरसरा, लेड़ीबहार, लुठापारा, धोबीपारा क्षेत्र मे एकबार फिर जंगली हाथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है हाथियों के दल मैनपुर से 10 किमी दूर ग्राम सिहार के गांव मे घुस गये और एक ग्रामीण के घर को तोड़ फोड़ किया साथ ही गांव मे लगाये गये दलहन तिलहन की फसल को नुकसान पहुंचाया है हाथियों के दल के अचानक धमक से ग्रामीणों मे भारी दहशत देखने को मिल रही है और ग्रामीण रात मे मसाल लेकर गांव की सुरक्षा करने मजबूर हो रहे है वहीं दूसरी ओर हाथी मित्र दल एवं वन विभाग की टीम द्वारा हाथियों के हर गतिविधियों पर नजर रखा गया है हाथी मित्र दल के सदस्यों द्वारा गांव गांव पहुंचकर मुनादी कर लोगो को जंगल के तरफ अकेले नही जाने की समझाईस दे रहे है आज सुबह कुछ ग्रामीण फरसरा ग्राम के नजदीक जंगल नदी किनारे वनोपज टोरी और कोसम संग्रहण कर रहे थे कि हाथियों के दल के चिंघाड़ से ग्रामीण जान बचाकर उल्टे पैर भागे।





### वन विभाग की टीम क्षतिपूर्ति का आंकलन करने पहुंचा गांव

ग्राम सिंहार मे ग्रामीण के घर को हाथियों के दल द्वारा नुकसान पहुंचाये जाने की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम आज ग्राम सिहार पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और मकान क्षति मुआवजा दिलाने के लिए प्रकरण तैयार किया है वन परिक्षेत्र अधिकारी आरके साहू ने बताया की हाथियों के दल ने ग्राम सिहार में एक ग्रामीण के घर को नुकसान पहुंचाया है जिसका क्षति पूर्ति उन्हे दिया जायेगा। उन्होने बताया कि हाथियों के हर गतिविधियों पर विभाग द्वारा नजर रखा गया है साथ ही ग्रामीणों को मुनादी कर जंगल के तरफ सुरक्षा के दृष्टि से अकेले नहीं जाने की अपील किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का दल तीन भागों में बट गया है। एक दल पहाड़ी के ऊपर विचरण कर रहा है और दूसरा दल कांटादोना जंगल के पास डेरा डाले हुए है और तिसरा दल नदी किनारे डटे हुए है जो शाम होते ही विचरण के लिए निकलते है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा घायल चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम चलनापदर गांव में खेत की जुताई के दौरान एक दर्दनाक हादसा घटित हो गया खेत में काम करते समय ट्रैक्टर रिवर्स लेते वक्त अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक चालक की पहचान टिके कुमार उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है वह अपने मामा के ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था बताया जा रहा है कि यह ट्रैक्टर डूमरपीटा गांव का है और उसके मामा का है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जुताई के दौरान ट्रैक्टर को रिवर्स करते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन गड्ढे में पलट गया हादसे में ट्रैक्टर चालक उसके नीचे दब गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं है। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य करते हुए घायल को बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग पहुंचाया अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार को करता है तबाह : जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की डॉन योजना-2025 के तहत शुक्रवार को शांति मैत्री विकास संस्थान, नशा मुक्ति केंद्र गरियाबंद में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के निर्देशन तथा तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किया गया। शिविर का मार्गदर्शन तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगा



पटेल ने किया। शिविर में नशे की लत से जूझ रहे युवाओं को संबोधित करते हुए न्यायाधीशों ने कहा कि नशा व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसके साथ ही परिवार आर्थिक संकट में घिर जाता है और समाज में व्यक्ति की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं कारोबार में संलिप्त लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे अपराधों में शामिल व्यक्तियों को अंततः कानून का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका सामाजिक सम्मान और भविष्य दोनों प्रभावित होते हैं। शिविर में ▶▶| शेष पेज 12 पर

# 6 शिकारी व तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में बेशकीमती लकड़ी व वन्यजीव अवशेष जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- साहेबिनकछार में 13 संदिग्धों के घरों पर सर्च वारंट से हड़कंप

उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के अंतर्गत वन परिक्षेत्र दक्षिण उदंती के ग्राम साहेबिनकछार मे 9 जून को वन अमला के द्वारा संदिग्ध 13 व्यक्तियों के घर एवं बाड़ी में सर्च वारंट जारी कर विधिवत तलाशी लिया गया, जिसमे 6 व्यक्तियों के घर एवं बाड़ी से भारी मात्रा में साल, सागौन एवं बीजा के लठ्ठा, स्लीपर, पल्ला और वन्यजीव के शिकार करने की सामाग्री, फंदा, वन्यजीव के अवशेष बरामद किया गया। परिसर रक्षी साहेबिनकछार के द्वारा सभी 06 आरोपी के विरुद्ध



अलग अलग पीओआर दर्ज किया गया। दिनांक 11 जून को वन अमला के द्वारा आरोपी (1) सुमेर व. पुरन, जाति गोंड़ उम्र 41 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार के घर एवं बाड़ी से 01 नग सागौन स्लीपर 0.0252 घन मीटर, 01 नग आरा (बड़ा), 01 नग तीर धनुष (2) जुवराज व. मयाराम, जाति गोंड़ उम्र 35 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार के घर एवं बाड़ी से सागौन स्लीपर 30 नग 0.3648 घ.मी., सागौन लठ्ठा 01 नग= 0.088 घ.मी., साल स्लीपर 02 नग = 0.0244 घ.मी. बीजा स्लीपर 05 नग 0.054 घ.मी. (3) उपेन्द्र व. नारायण, जाति गोंड, उम्र 35 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार के घर एवं बाड़ी से 43 नग सागौन स्लीपर 1.0063 घ.मी. (4) ▶▶| शेष पेज 12 पर

**असंगदेव कबीर आश्रम में कबीर जयंती महोत्सव का शुभारंभ**

# समरसता और राष्ट्रभक्ति से मजबूत होगा समाज : नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सोनपैरी के असंगदेव कबीर आश्रम में शनिवार को परम पूज्य गुरुदेव संत असंगदेव के पावन सान्निध्य में कबीर जयंती महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह-प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव की गरिमामयी उपस्थिति प्राप्त हुई। उन्होंने संत कबीर साहेब के समरसता, सेवा, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना के संदेश पर प्रेरणादायी उदबोधन दिया तथा आश्रम द्वारा संचालित सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के संगठन महामंत्री पवन साय विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने परम पूज्य गुरुदेव संत असंगदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कबीर जयंती महोत्सव की



तैयारियों का अवलोकन करते हुए आयोजन की भव्यता एवं सेवा भावना की प्रशंसा की। परम पूज्य गुरुदेव संत असंगदेव के सान्निध्य में प्रतिदिन सत्संग, भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागिता कर संत कबीर साहेब की अमृतवाणी का श्रवण कर रहे हैं।

**29 जून को महा-आयोजन, वीवीआईपी का आगमन-** आश्रम प्रबंधन



से मिली जानकारी के अनुसार, कबीर जयंती महोत्सव का मुख्य एवं भव्य समारोह 29 जून को आयोजित किया जाएगा। इस मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत और छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिरकत करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में शासन के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि, देश के प्रतिष्ठित संत-महात्मा और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# शिक्षक संघ ने बीईओ के नाम पर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर द्वारा अध्यक्ष हुलस साहू के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ लेखापाल केसी साहू से मिलकर विभिन्न समस्याओ पर चर्चा किए। जिसके तहत वीएस के ऐप में आ रही समस्याओं के समाधान, सर्विस बुक संधारण एवं सत्यापन, परीक्षा अनुमति संबंधी, लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति, टेट उत्तीर्ण शिक्षक संवर्ग की योग्यता सेवा पुस्तिका में जोड़ने, लंबित एरियर्स एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा किए। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से हुलस साहू अध्यक्ष, किरण कुमार साहू, लता ध्रुव, दिनेश्वर साहू, कमलेज बघेल, प्रहलाद मेश्राम, लुकेन्द्र श्रीवास सहित ब्लाक इकाई फिंगेश्वर के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हेयर कट देखकर हंसने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम फुलवारी में तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान हेयर कट को देखकर हंसने पर मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम फुलवारी के पंकज लोधी ने बताया कि 26 जून को गांव के फूलवारी काठा तालाब में वीबी-जी-राम जी (मनरेगा) के काम में तालाब गहरीकरण कार्य पर सुबह 6 बजे गांव के दिनेश लोधी, बरसाती विश्वकर्मा, पिंटू लोधी, चंदन साहू, रमेश यादव एवं गांव के अन्य 150 लोग भी जा रहे थे। काम करने के बाद उपस्थिति के लिये फोटो खिंचवाने के दौरान वे सभी काठा तालाब के पार में बैठे थे, जहां रमेश यादव भी बैठा था। सुबह करीबन 07.30 बजे रमेश यादव के हेयर कट को देखकर उसे हंसी आ गई। इसी बात पर रमेश यादव ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए टंगिया के बेट से सिर में मार दिया। जिससे सिर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पुरानी बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम लिमगांव में पुरानी बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को लिमगांव के मनोहर कोड़ाकू ने बताया कि 25 जून की शाम 05:30 बजे व अपने खेत गया था, तभी चैन कुमार कोड़ाकू पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। जिसे उसने कुछ नहीं बोला और उसके बाद अपने घर वापस आ रहा था, शाम करीब 6 बजे रतिलाल कोड़ाकू के घर के पास चैन कुमार कोड़ाकू फिर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इसी दौरान आरोपी का पिता रामलाल कोड़ाकू भी आया और दोनों ने गाली गलौज करते एवं जान से मारने की धमकी देते पुरानी विवाद को लेकर मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया रूपा ध्रुव ने बताया कि 26 जून की रात 08.30 बजे घर के बाहर से गाली गलौज की आवाज आई, तब वह और उसकी जेठानी रेखा बाई बाहर निकलकर देखा तो मोहल्ले का मोनू साहू देवर लक्ष्मीनारायण ध्रुव के साथ गाली गलौज कर विवाद कर रहा था। जिसे वे लोग समझाते हुए लक्ष्मीनारायण को घर के अंदर लेकर आ रहे थे, तभी मोनू साहू ने जेठानी रेखा ध्रुव को तुम लोग कौन होते हो मुझे मना करने वाले कहते गाल में झापड़ मार दिया। कुछ देर बाद आरोपी मोनू अपने घर से लोहे का पाइप लेकर आया और गाली गलौज कर घर के गेट को मारने लगा, जिसे देखकर प्रार्थी और जेठानी रेखा ध्रुव, गैंदी ध्रुव एवं मेरा देवर लक्ष्मीनाराण सभी गेट के पास गये, तब आरोपी मोनू साहू ने तुम लोगों को आज जान से मार दूंगा कहते हुए अपने हाथ में रखे लोहे के पाइप से मारपीट किया।

# उदंती-सीतानदी रिजर्व में दिखे दुर्लभ जंगली सोन कुत्ते, 4 ढोल का झुंड कैमरा ट्रैप में रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 के अंतर्गत उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरा ट्रैपों में 'चार ढोल भारतीय जंगली सोन कुत्तों' के एक झुंड की तस्वीरें एवं वीडियो रिकॉर्ड किए गए हैं। एक संगठित ढोल झुंड का इस प्रकार दर्ज होना रिजर्व की पारिस्थितिकीय स्थिति में सुधार तथा विगत वर्षों में किए गए प्रभावी संरक्षण एवं आवास पुनरुस्थापना प्रयासों का महत्वपूर्ण संकेत है। ढोल सोन कुत्ता भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति 'आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध है तथा 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के अंतर्गत सर्वोच्च कानूनी संरक्षण प्राप्त है। ये अत्यंत सामाजिक प्राणी हैं, जो संगठित झुंड में रहते और सामूहिक रूप से शिकार करते हैं। ढोल कुत्ता वन पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे चीतल, सांभर एवं जंगली सूअर जैसे शाकाहारी जीवों की आबादी को संतुलित बनाए रखते हैं, जिससे वनस्पतियों एवं प्राकृतिक पुनर्जनन को संरक्षण मिलता है। अपनी अद्भुत सामूहिक रणनीति, समन्वय और सहकारिता के कारण ढोल विश्व के सबसे कुशल समूह-शिकारी माने जाते हैं। बड़े एवं संगठित झुंड में वे बाघ जैसे बड़े परभक्षियों को चुनौती देने तथा दुर्लभ परिस्थितियों में उनका शिकार करने की क्षमता भी रखते हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में ढोल के इस झुंड का रिकॉर्ड होना रिजर्व प्रशासन द्वारा पिछले कुछ वर्षों में चलाए गए सघन संरक्षण एवं प्रबंधन प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

## संकटग्रस्त प्रजाति की मौजूदगी रिजर्व के बेहतर संरक्षण प्रयासों का प्रमाण



### संपूर्ण खाद्य-श्रृंखला के मजबूत होने का प्रमाण

इन प्रयासों में प्रमुख रूप से शामिल है कैमरे मे चार ढोलों का रिकॉर्ड होना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में किए जा रहे संरक्षण प्रयास धरातल पर सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। किसी भी वन पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता केवल बाघों की उपस्थिति से नहीं, बल्कि संपूर्ण खाद्य-श्रृंखला और जैव-विविधता के स्वास्थ्य से मापी जाती है। ढोल जैसे संकटग्रस्त मांसाहारी जीवों का एक संगठित झुंड उदंती-सीतानदी के वनों की बढ़ती पारिस्थितिकीय सुदृढ़ता और संरक्षण प्रयासों की सफलता का सशक्त प्रमाण है।

## कार्यक्रम : शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

# बच्चों की शिक्षा और संस्कार ही गांव के उज्ज्वल भविष्य की नींव : तुलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ शाला प्रवेश उत्सव के रूप में उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला एवं स्वागत-वंदन के साथ आत्मीय अभिनंदन किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल, मुस्कान और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भेंडरी की सरपंच तुलेश्वरी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे देश और समाज के भविष्य हैं। उनकी शिक्षा, संस्कार और सर्वांगीण विकास के लिए परिवार, विद्यालय और समाज सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। शासन द्वारा संचालित शिक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक बच्चे तक पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। विद्यालय और पालकों के संयुक्त प्रयास से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सभी पालक अपने बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं अध्ययन पर विशेष ध्यान दें, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। कार्यक्रम में उपसरपंच श्री ऐलूराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, पंचगण, पालकगण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए नियमित अध्ययन एवं अनुशासन का संदेश दिया गया।

### अभ्यास पुस्तिका एवं गणवेशों का वितरण



इस अवसर पर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों को निःशुल्क अभ्यास पुस्तकों एवं गणवेशों का वितरण किया गया। बच्चों ने नई अभ्यास पुस्तकों एवं गणवेश प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के महत्व पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक श्री टीकूराम ध्रुव एवं श्री प्रदीप कुमार साहू द्वारा सभी विद्यार्थियों, पालकों एवं अतिथियों के लिए अपने जन्मदिन के अवसर संपूर्ण न्यौता भोज का आयोजन किया गया। सभी ने स्नेहपूर्वक भोज ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक रेखराम निषाद आभार व्यक्त लालजी सिंहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने शाला परिवार, शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान इनकी तुलेश्वरी साहू, लीला राम साहू, ऐलु राम साहू, भूषण लाल साहू, तेजकुमार माण्डले, उर्मिला साहू, लक्ष्मी यादव, गीता साहू, यशोदा साहू, तारा साहू, डुमेश्वरी साहू, फुलेश्वरी ध्रुव, धनेश्वरी ध्रुव, शांति यादव, रेखा यादव सहित आज 72 बच्चों का सहभागिता रहा।

# कृषि महाविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर, गरियाबंद में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम बढ़ती उम्र में स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान रहने के लिए योग के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे महाविद्यालय परिसर में अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ओमेश ठाकुर एवं संचालन अतिथि शिक्षक आदर्श कुमार द्वारा किया गया।योग सत्र में आयुष मंत्रलय के कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ग्रीवा संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शवासन जैसे शारीरिक अभ्यास के साथ विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तथा मन की गति पर नियंत्रण एवं एकाग्रता बनाए रखने वाले अभ्यास जैसे कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं भाम्भरी प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने एवं ष्स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# रसेला हाईस्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल रसेला में 24 जून दिन बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, कमलेश्वर नायक, शंकरलाल कुर्रे, ओमप्रकाश यादव, देवकी मरकाम मौजूद थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर मुंह मीठा के साथ स्वागत किया गया। साथ ही पाठ्य-पुस्तकें वितरित किए गए। इस मौके पर शाला समिति अध्यक्ष जयसवाल ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है,यही उनके उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का समय पर विद्यालय में प्रवेश कराएं और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजे। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा आज विद्यालय की दहलीज पर कदम रखने वाली बच्चे ही कल देश और समाज की प्रगति के वाहक बनेंगे। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा की विद्यालय केवल पढ़ाई करने का स्थान नहीं है, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संस्कार और भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस दौरान वरिष्ठ व्याख्याता शिशुपाल कुर्रे, गजानंद साहू, व्याख्याता गैदराम खुटे, चिन्ता राम जैन, संजय कुमार डोंगरे, कुंजल सिंह जगत, विरेन्द्र कौशिक, ऊषा देवांगन, योगिता साहू,ओमकुमारी साहू, सहायक शिक्षक दिपिका नागेश, कामेश यादव, देवेन्द्र ध्रुव, कुलेश्वरी मरकाम, भृत्य सुंदर ठाकुर,पुरन ठाकुर, अरफाक अली, देवलाल निषाद, ईश्वर नेताम सहित पालकगण उपस्थित थे।

# आत्मानंद स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मना जनक ध्रुव ने दी रंगमंच निर्माण की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



शासकीय स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैनपुर में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सभी नव प्रवेशी बच्चों का मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा विधायक जनक ध्रुव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, विशेष अतिथि जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एवं दुलार सिन्हा द्वारा बच्चों को गुलाल, लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस दौरान विधायक जनक ध्रुव द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा, संस्कार, सिखकर एक आदर्श नागरिक, आदर्श छात्र बनकर गांव का स्कूल का नाम रोशन करने की सलाह दिया गया एवं आत्मानंद स्कूल रंगमंच निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की जानकारी विधायक द्वारा दिए। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम द्वारा सभी बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ने की सलाह दिया गया एवं 12 कक्षा के सभी बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण भाव से पढ़ाई करने की सलाह दी गई और स्कूल के मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए आश्वासन दिया गया सभी अतिथियों द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बच्चो के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के प्राचार्य बीएस नागेश, प्रधानपाठक जावेद मेमन, श्रीमती रामेश्वरी ध्रुव, संतोष पटेल, गीता यादव, रोली शर्मा, राधारोशन साहू, गणेश, बघेल, रामकुमार तारक, परिमल यादव, अखिल चेलक, रवि उरांव, अनुरागनी, वत्सल गुप्ता, दिलीप साहू, आरती वास, लिंकन, भावना बढ़ाई, त्रिवेणी चंदन, सन्नी दास, नेहा जैन, याद साहू, पन्ना मेम, आकाश तिवारी, देवांगन मेम, विनय कपिल, रूपेश यादव, चिरंजीव साहू, खीरमिला नागेश, छानेश्वरी साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन त्रिवेणी चंदन ने किया।

# भीमसेनी एकादशी मेले में युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डीहीटेमरी में आयोजित भीमसेनी एकादशी मेले के दौरान एक 17 वर्षीय किशोर पर अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए ओडिशा के नुआपाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के ग्राम परसाभदर निवासी रिखीराम राउत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका 17 वर्षीय पुत्र आकाश यादव 25 जून की शाम अपने दोस्तों विष्णु केंवट, उमेंद्र साहू, परमेश्वर यादव, मोरध्वज राउत और देवराज साहू के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम डीहीटेमरी में आयोजित भीमसेनी एकादशी मेला देखने आया था। रात करीब एक बजे आकाश के दोस्त विष्णु केंवट ने फोन कर सूचना दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आकाश के पेट में चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही रिखीराम राउत मौके पर पहुंचे, जहां उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। चाकू लगने से उसके पेट से आंत बाहर निकल आई थी। इसके बाद परिजन और दोस्तों ने तत्काल उसे वाहन से नुआपाड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर कोमाखान पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस हमलावर की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

पेज 11 के शेष...

### नशा केवल व्यक्ति...

प्रतिभागियों को एनडीपीएस अधिनियम, छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम सहित नशे से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति, स्वास्थ्य संरक्षण एवं कानूनी जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में शांति मैत्री विकास संस्थान के प्रबंधक, नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ।

### 6 शिकारी व तस्कर...

हरि व. मंगलसिंग नेताम, जाति गोंड़ उम्र 39 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार के घर एवं बाड़ी से घुरूं 01 नग, जंगली मुर्गा फंदा 12 नग, धनुष गुलेल 01 नग, तीर 01 नग (5) पुस्तम व. गाड़ाराम नेताम, जाति गोंड़ उम्र 30 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार, के घर एवं बाड़ी से मोर पंख 13 नग, खरगोश फंदा 04 नग, सुअर फंदा 04 नग, गुलेल धनुष 01 नग, जंगली मुर्गा फंदा 11 नग (6) चिमन व. जयराम नागेश, जाति गोंड़ उम्र 37 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार के घर एवं बाड़ी से 102 नग सागौन स्लीपर 0.026 घ.मी., आरा 02 नग, बसुला 01 नग, आरी छोटा 01 नग, रँधा 01 नग, तीर धनुष 02 नग, लकड़ी काटने का मशीन 01 नग साही पंख 20 नग, नांगर जुड़ा 01 नग, खटिया खुरा 04 नग जप्त वनोपज एवं वन्यजीव शिकार में प्रयुक्त किये जाने वाले औजार और वन्यजीव के अवशेष के संबंध में पूछताछ कर मौका/घटना स्थल का सिनाख्त किया गया। विवेचना अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सोनवानी वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी करलाइझर के द्वारा आरोपी (1) सुमेर व. पुरन, जाति गोंड़ उम्र 41 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार (2) जुवराज व. मयाराम, जाति गोंड़ उम्र 35 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार (3) उपेन्द्र व. नारायण, जाति गोंड़, उम्र –35 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार को दिनांक 15.06.2026 को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9,29,31,39 (3),50,51 एवं 52. छ.ग. काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984 की धारा 4,9,10,12,13 एवं 15 के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया गया, माननीय न्यायालय के आदेश उपरांत 13 दिन के रिमांड पर जिला जेल गरियाबंद दाखिला कराया गया एवं शेष 03 आरोपी को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9,29,31,39 (3),50,51 एवं 52, छ.ग. काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984 की धारा 4,9,10,12,13 एवं 15 के तहत (1) हरि व. मंगलसिंग नेताम, जाति गोंड़ उम्र 39 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार (2) पुस्तम व. गाडाराम नेताम, जाति गोंड उम्र 30 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार, (3) चिमन व. जयराम नागेश, जाति गोंड उम्र 37 वर्ष, ग्राम साहेबिनकछार को दिनांक 22 जून को गिरफ्तार कर दिनांक 23 जून को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद, जिला गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# पूरन लाल को मिला पर्यावरण मित्र एवं महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सोलन की धरा पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार सह महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान 2026 में छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अनूठी छाप छोड़ी है। शिक्षा, पर्यावरण, संस्कृति व संस्कार विषय पर आधारित इस भव्य राष्ट्रीय सेमीनार में देश के 8 राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश गुजरात, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था से 26 सदस्यीय टीम हिमाचल के प्रदेश के सोलन में सम्मानित हुए। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में पदस्थ व्याख्याता पूरन लाल साहू को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, साक्षरता, मद्यपान निषेध कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता, वृक्षारोपण सीड बाल निर्माण, गौरैया संरक्षण एवं विद्यार्थियों के सवांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए पर्यावरण मित्र एवं महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान से श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया।

खबर संक्षेप



## जामली में गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकासखंड के ग्राम जामली में दो दिवसीय शौर्य समृद्धि पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार, 27 जून को भव्य जल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में समस्त ग्रामीण, गायत्री परिवार के सदस्य एवं यज्ञकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ कलश यात्रा में सहभागिता कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को प्रातः 7 बजे से देर रात्रि तक यज्ञ, हवन, पूजन तथा विभिन्न प्रकार के वैदिक संस्कारों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## बेमचा में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेशोत्सव



**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में 27 जून को बड़े हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया। साथ ही पुस्तक व गणवेश वितरण किया। प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लखनू राम निर्मलकर ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आने प्रेरित किया। शाला त्यागी बच्चों को भी पुनः स्कूल में लाने एवं प्रत्येक माह शाला विकास समिति की बैठक आयोजित करने की बात कहीं। कार्यक्रम में प्राचार्य एसएल पाटकर, व्याख्यातागण पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, प्रधान पाठक शाहजान बानो खान, शिक्षकगण खेमराज साहू, गुहन लाल साहू, तृप्ति डेनियल, संकुल समन्वयक टाकेश्वर प्रसाद साहू, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, जुगनी गुंबर, पूर्णिमा सिन्हा, हेमिन जलक्षत्री, शशिलता वर्मा आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी डॉ सेवन दास मानिकपुरी ने दी है।

## नपा में एल्डरमैन नियुक्त हुए मोहन

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मोहन साहू को नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। लंबे समय से संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने वाले मोहन साहू को यह दायित्व मिलने को उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान का सम्मान माना जा रहा है। मोहन ने वरिष्ठ नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। तथा नगरवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मैनपुर,जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं सुंदर लाल नागेश पिता चमार सिंह नागेश, जाति गोड़, निवासी वार्ड नंबर 14, ग्राम बुड़ार (जिड़ार), तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) एतदद्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूं और निम्नानुसार घोषित करता हूं।

1. मैं सुंदर लाल नागेश पिता चमार सिंह नागेश, वार्ड नंबर 14, ग्राम बुड़ार (जिड़ार), तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्र का नाम चम्मन सिंह नागेश से बदलकर नाम चमन नागेश करवाना चाहता हूं।
3. मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नि रूखमणी नागेश को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवासों में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा समक्ष प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांक - 27.06.2026

आवेदक- सुन्दर लाल नागेश

**खेती : खेती किसानी 15 दिन पीछे, बारिश के भरोसे खेती करने वाले किसान चिंतित**

# मानसून की दगाबाजी से पिछड़ी खेती, खुर्रा बोनी करने वाले किसानों को बीज खराब होने का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मानसून की दगाबाजी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश नहीं होने से ज्यादातर किसान अपने खेतों में धान की बोनी नहीं कर पाये है। वहीं जिन किसानों ने खुर्रा बोनी के तहत अपने खेतों में धान के बीज डाल दिये है। उन्हें बारिश का बेशब्री से इंतजार है। किसानों का कहना है कि इस साल खरीफ की खेती पिछड़ रही है। गौरतलब है कि हर साल 15 जून के बाद से ही किसान अपने खेतों में खरीफ फसल की तैयारी में जुट जाते है और जुलाई माह शुरु होने से पहले ही बोनी का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो जाता है। लेकिन इस साल मानसून की दगाबाजी ने किसानों की चिन्ता बढ़ा दी है। जिन किसानों के पास स्वयं का सिंचाई साधन है उन्होंने अपने खेतों में जोताई व मताई कराने के साथ ही धान के बीज डालने का काम पूरा कर लिया है। लेकिन जो किसान बारिश के भरोसे खेती किसानी करते आ रहे है। उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कई किसानों ने बारिश की उम्मीद में खुर्रा बोनी के तहत अपने खेतों में धान बीज तो डाल दिया है। लेकिन बारिश नहीं होने से वे भी खासा परेशान नजर आ रहे है। किसानों को डर है कि तेज धूप व गर्मी के चलते धान के बीज खराब न हो जाये। ऐसे में सभी किसान बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे है। किसानों का कहना है कि बारिश नहीं होने के कारण खरीफ की खेती काफी पिछड़ चुकी है। आने वाले दिनों में बारिश नही होने पर काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि खाद और दवाईयों की किल्लत के चलते पहले से ही काफी परेशानियों का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। खाद व दवाई की कालाबाजारी के चलते किसानों को पर्याप्त मात्र में इनकी उपलब्धता नहीं हो पा रही है।



### 15 दिन देरी ने किसानों की चिंता बढ़ाई

जून समाप्त होने मे मात्र एक दिन बचा है ऐसी स्थिति में अब भी बारिश नहीं होने की स्थिति में किसान चिंतित है। अंचल के किसान खेतों की साफ-सफाई पूर्ण कर तैयारी कर बैठे हैं केवल बारिश का इंतजार कर रहे हैं। प्रतिदिन आसमान में काले बादल भी छा रहे हैं लेकिन हल्की बूंदाबांदी के बाद वापस लौट जा रहे हैं जिसके कारण खेती किसानी 15 दिन पीछे चल रही है। मैनपुर क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नहीं है। अधिकांश किसान भगवान भरोसे खेती करते है लेकिन अब उन्हे बारिश नही होने से चिंता बढ गई है क्षेत्र के किसान आलीम अंसारी, थानूराम पटेल, भागीरथी पटेल, हलधर ध्रुव, भागचंद नेताम, प्रेमसाय जगत ने बताया की किसानों को सिर्फ बारिश का इंतजार है। जिन किसानों के पास स्वयं का ट्यूबवेल व सिंचाई साधन है वे जैसे तैसे करके थरहा तैयार कर लिए हैं लेकिन उन्हे भी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है क्योंकि क्षेत्र में आए दिनों बिजली की कटौती के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे है।

# राष्ट्र की सेवा ही सर्वोच्च साधना : देवकर साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

कलियुग को मोह-माया, भौतिक सुख-सुविधाओं और सांसारिक आकर्षण का युग माना जाता है। ऐसे समय में यदि किसी के मन में बचपन से ही वैराग्य का भाव जागृत हो जाए, तो इसे ईश्वर की विशेष कृपा ही कहा जाएगा। अधिकांश लोग जहां धन, दौलत और ऐश्वर्य के पीछे भाग रहे हैं, वहीं क्षेत्र के खिसोरा गांव के देवकर साहेब ने 16 वर्ष की उम्र में सांसारिक मोह-माया का त्याग कर सेवा और आध्यात्म का मार्ग चुन लिया। माता-पिता, घर-परिवार और सांसारिक सुखों को पीछे छोड़ते हुए वे संत असंग साहेब के सानिध्य में दीक्षा ग्रहण की और उनके शिष्य बनकर मानव कल्याण के मार्ग पर चल पड़े। पिछले 20 वर्षो से उनका पूरा जीवन समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण ,आध्यात्मिक जागरण और गौ माता की सेवा को समर्पित है। देवकर साहेब का मानना है कि सच्चा धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता की सेवा, प्रकृति की रक्षा और अच्छे संस्कारों का प्रसार ही वास्तविक धर्म है। यही कारण है कि वे लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को सदाचार, संयम और सेवा का संदेश देते हैं। उनकी सबसे बड़ी पहचान पौधों की सेवा और पौधारोपण अभियान है। वे स्वयं पौधे लगाते हैं, उनकी नियमित देखभाल करते हैं और लोगों को भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका कहना है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पेड़ केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि जीवन को भी सुरक्षित और समृद्ध बनाते हैं। देवकर साहेब अपने प्रवचनों में संत कबीरदास के दोहों और जीवन-दर्शन का उल्लेख करते हुए लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, परोपकार और अहंकार त्यागने की सीख देते हैं। उनका कहना है कि कबीर का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सदियों पहले था। यदि समाज कबीर के विचारों को अपनाए तो अनेक सामाजिक बुराइयों का स्वतः अंत हो सकता है। वे विशेष रूप से युवाओं से नशे, हिंसा और बुरी संगति से दूर रहने की अपील करते हैं तथा शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा से जुड़ने का आह्वान करते हैं। सोनपैरी स्थित आश्रम में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के एक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार ॐ के उच्चारण एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के माध्यम से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संचालन समिति के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव एवं राधिका यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना एवं उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना था।



समारोह के दौरान कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक सत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सेवक निषाद, टीकम मरकाम, टोमन ठाकुर, मनोज कुमार निर्मलकर, राहुल सिंह, किरण वर्मा, ओम डहरिया, अल्का सिन्हा, टेकेश्वरी तारक, कविता यदु, कुन्ती साहू, निधिका शाह, डॉली साहू, दुहिता यादव, रितु शर्मा, नंदनी साहू, भारती यादव एवं हेमलता नाग सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यक्ति निर्माण से ही समाज निर्माण संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

- विभिन्न संस्कारों के साथ पुनर्प्राण प्रतिष्ठा एवं गायत्री महायज्ञ का समापन

गरियाबंद जिले के पोंड़ ग्राम में 24 जून से प्रारंभ हुआ वेद माता गायत्री की पुनर प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। दिनांक 25 जून 2026 भीमसेनी एकादशी के दिन प्रथम सत्र में प्रातः काल वेद मंत्रों के साथ गायत्री माता की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए ऋषि पुत्र परमेस्वर एवं टोली द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की द्वितीय सत्र में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ विस्तृत पंचवेदी पूजन देव आवाहन एवं पूजन के साथ प्रारंभ होकर यज्ञ की ज्ञान विज्ञान की व्याख्या के साथ दैनिक जीवन में यज्ञ का महत्व विषय पर शांतिकुंज प्रतिनिधि का सीआर यादव ने विस्तृत व्याख्यान के साथ महा आरती के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की तृतीय सत्र में परिवार निर्माण के सूत्रों तथा जीवन मूल्यों पर आधारित प्रवचनों के साथ वर्तमान समय में समाज की चुनौतियां एवं उसके समाधान विषय के साथ प्रज्ञा पुराण कथा तथा संध्याकालीन दीप महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ 1000 वैदीय दीपकों के साथ संपन्न किए गए इस दीप यज्ञ से गांव का वातावरण दिव्य हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद एवं भंडार गृह निगम के अध्यक्ष श्री चंदूलाल साहू जी ने युग निर्माण में गायत्री परिवार की भूमिका तथा व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय जी ने सनातन संस्कृति के रक्षक के रूप में गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सनातन संस्कृति फल फूल रही है उसमें गायत्री परिवार का बहुत बड़ा योगदान है।

### 131 श्रद्धालुओं के संपन्न हुए विभिन्न संस्कार



कार्यक्रम के अंतिम दिवस 26 जून 2026 को प्रातः कालीन नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारी संख्या में यज्ञ के लिए उपस्थित परिजनों के बीच विभिन्न प्रकार के संस्कार संपन्न किए गए ,जिसमें गायत्री मंत्र दीक्षा संस्कार 44 ,विद्यारंभ संस्कार 60, मुंडन संस्कार 10 अन्नप्राशन संस्कार 1 नामकरण संस्कार 1 तथा पुंसवन संस्कार 15 संपन्न किए गए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आह्वाहित देव शक्तियों को भाव भरी विदाई दी गई। तत्पश्चात शांतिकुंज टोली को भाव भरा विदाई प्रदान किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में सभी रूप में सहयोग प्रदान करने वाले ग्राम वासियों सभी समाज प्रमुखों का छुरा गरियाबंद राजिम फिंगेश्वर एवं मगरलोड क्षेत्रों से आए प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया गया इसी क्रम में पोंड़ ग्राम के समस्त समाज प्रमुखों को भी बुलाकर स्वागत किया गया। और इस प्रकार से कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन श्री रोमन चंद्राकर ने किया।

# हरदी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव, नेवता भोज के साथ नव-प्रवेशी बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



स्थानीय शासकीय प्राथमिक विद्यालय हरदी में नव-प्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिए 'शाला प्रवेश उत्सव' और शाला विकास समिति के अध्यक्ष चमन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'नेवता भोज' का एक बेहद भव्य और गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उत्सव ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि शिक्षा के प्रति ग्रामीणों में एक नई ऊर्जा का संचार भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा विद्या और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद, मंच पर आसीन सभी गणमान्य अतिथियों ने नए दाखिल हुए नन्हें-मुन्हें बच्चों को तिलक-गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर स्कूल की चौखट पर उनका आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों के इस स्नेह ने बच्चों के उत्साह को दोगुना कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपनाथ बंजारे (अध्यक्ष उप सरपंच संघ एवं उप सरपंच, ग्राम पंचायत हरदी) ने कहा की आज के बच्चे टेक्नोलॉजी और डिजिटल युग में जी रहे हैं। ये बच्चे ही आने वाले समय में हमारे भारत देश का चमकता हुआ चेहरा बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थानुराम तारक ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि शीतल ध्रुव (पूर्व सरपंच व पूर्व अधीक्षक) ने बच्चों को जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा, /"हमारे बच्चे संस्कारवान बनें, सादगीपूर्ण जीवन जिएं, ज्ञानवर्धन करें और अपनी गौरवशाली परंपरा व संस्कृति की पहचान बनें।/" इसके साथ ही, विशिष्ट अतिथि चमन यादव ने क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को और अधिक मजबूत और बेहतरीन बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव के साथ-साथ विद्यालय में जन्मदिन के विशेष अवसर पर 'नेवता भोज' का भी आयोजन किया गया। बच्चों को सुरुचिपूर्ण और पौष्टिक भोजन कराया गया। सामुदायिक सहभागिता के इस बेहतरीन उदाहरण को देखकर उपस्थित सभी ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस पहल की जमकर सराहना की। इस पूरे गरिमामय आयोजन में ग्राम पंचायत हरदी के पंचगण दुलारी कंवर, माहेश्वरी कंवर, पूर्णिमा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और स्कूल के प्रधान पाठिका धनेश्वरी मार्कंडेय, दीपक तिवारी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# लचकेरा स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



शासकीय हाई स्कूल लचकेरा में 25 जून को नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया। इस गरिमामयी उत्सव के दौरान उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों द्वारा नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उनका मुंह मीठा कराया गया और शासन की योजना के तहत उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुपेश साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मंजु साहू उपस्थित रहीं। इसके साथ ही विद्यालय के प्राचार्य धनेश कुमार मरकाम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सिंधु साहू, अलका शर्मा, मुकेश कुमार निर्मलकर, सम्पत कुमार पटेल, मंजू साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नवप्रवेशी बच्चों के पालक (अभिभावक) तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# तावरबहरा में शाला एवं विकास समिति गठित, डॉली बनीं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




शासकीय माध्यमिक शाला तावरबहरा में शनिवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का दो वर्षीय कार्यकाल के लिए गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुई। इसके बाद सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति के गठन में डॉली ध्रुव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। होम सिंह साहू को उपाध्यक्ष, मंथीर राम साहू को सलाहकार तथा आर. साहू (शिक्षक) को संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। शिक्षा वित्त के पद पर डीनी बाबू ध्रुव का चयन किया गया। जनप्रतिनिधियों के रूप में सरपंच सुनीता ध्रुव, उपसरपंच गौतम राम ध्रुव एवं देवेश साहू (पंच) को समिति में शामिल किया गया। वहीं भगवत कुर्रे (प्रधान पाठक) को संयोजक तथा अहमद सिद्दीकी को सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। समिति में सदस्य के रूप में गोविंदी ध्रुव, लोकपाल ध्रुव, डिगेश्वरी साहू, खुशबेश्री ध्रुव, पायल साहू, दुर्गा बाई ध्रुव, बुलेश्वरी ध्रुव, गायत्री साहू, संतोषी निर्मलकर, उषा निर्मलकर, गणेशी विश्वकर्मा, नरसिंह ध्रुव एवं वीरेंद्र ध्रुव का चयन किया गया। इस अवसर पर सलाहकार मंथीर राम साहू ने नवनिर्वाचित समिति से विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने तथा समय-समय पर विद्यालय की गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इनमें सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र ध्रुव, मुन्ना निर्मलकर, शिक्षिका ओम कुमारी दीवान, शिक्षिका श्रुति गोंडिया तथा शिक्षक नर्मदा प्रसाद सिन्हा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जमाही स्कूल की दो छात्राओं का एकलव्य विद्यालय में चयन



**छुईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक शाला जमाही के लिए गर्व का अवसर तब आया, जब विद्यालय की दो प्रतिभाशाली छात्राओं कुमारी यशस्वी, पिता रोहित एवं कुमारी साक्षी पिता-मनहरण दीवान का चयन प्रतिष्ठित एकलव्य विद्यालय में अध्ययन के लिए हुआ। दोनों छात्राओं ने विगत दिनों आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे ग्राम में हर्ष का वातावरण है। छात्राओं की सफलता पर उनके माता-पिता सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सरपंच विद्या गजेश्वर सिन्हा, सेवानिवृत्ति उपसंचालक रामजी सिन्हा, परदेशी राम सिन्हा ग्राम पटेल परमेश्वर दीवान, परमेश्वर गंधर्व, राजकुमार यादव, खिलावान ध्रुव ने, छत्तीसगढ़ विद्यालयीन कर्मचारी संघ के प्रांत उपाध्यक्ष डोमार सिन्हा, संकुल प्राचार्य महेंद्र साहू, संकुल समन्वयक गिरवर यादव, प्रधान पाठक श्रीमती जागेश्वरी ध्रुव शिक्षक फनेश्वर कंवर शोमन साहू ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू श्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने छात्राओं से कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बताया।

### महिला के साथ मारपीट आरोपी के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** बसना के जगदीशपुर में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध बसना थाना में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया रिपोर्ट लिखाई है कि 26 जून की रात को वह घर में थी, तभी करीबन 09.30 बजे गांव का नरोत्तम रौतिया उसके घर अंदर घुस गया।

**किसानी : आधुनिक तकनीक से समय की बचत, पर जेब पर भारी**

# बारिश के इंतजार के बीच खरीफ फसल की तैयारियों में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

बारिश का कही नामोनिशान नही है परंतु क्षेत्र के मेहनतकश किसान इन दिनों खरीफ फसल की तैयारी में पूरी तरह जुट गए हैं। खेतों की सफाई और अकरस जोताई का काम तेजी से चल रहा हैं। बकली के किसान- सियाराम साहू, डॉ. चंद्रिका साहू, त्रिलोचन साहू, जीतराम मिरी, रामपाल मिरी, बताते हैं कि अब ज्यादातर जुताई ट्रैक्टर से ही कराई जा रही है। ट्रैक्टर से जुताई का किराया लगभग 1200 प्रति घंटा तक पहुंच गया है, जबकि पावर ट्रिलर से जुताई कराने पर किसानों को करीब 600 प्रति घंटा खर्च करना पड़ रहा है। तेजी और समय की बचत के कारण किसान इन आधुनिक साधनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। डीजल और पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के साथ ही ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों का किराया भी हर साल बढ़ जाता है, जिससे उनकी आर्थिक चिंता बढ़ रही है। एक समय था जब बैलों से खेत जोतना आम बात थी, लेकिन अब यह परंपरा लगभग समाप्त होती जा रही है। बैलों की एक जोड़ी की कीमत 60,000 से लेकर 1 लाख या उससे अधिक तक होती है, वहीं उनके रखरखाव का खर्च भी काफी ज्यादा होता है। इसी कारण किसान अब पारंपरिक तरीकों से दूर होकर आधुनिक मशीनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।



**बारिश न होने से किसान चिंतित**

राजिम-बकली क्षेत्र में खरीफ फसल की तैयारी ने रफ्तार पकड़ ली है। आधुनिक तकनीक ने जहां खेती को आसान और तेज बनाया है, वहीं बढ़ती लागत किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। हालांकि किसान प्रारंभिक रूप से जुट तो गए है परंतु बारिश न होने की चिंता सताए जा रही है।



# वन विभाग ने बच्चों को सिखाए पर्यावरण संरक्षण के गुर

**38 हजार सीड बॉल से महकेंगे जंगल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर के ग्राम देहारगुड़ा में शनिवार को वन विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली छात्र-छात्राओं को पर्यावरण एवं वन संरक्षण के दिशा मे जानकारी दिया गया वन परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर आर.के साहू ने बताया कि सीड बाल रोपण के तहत बारिश के दिनो मे पौधा रोपण किया जाना है इसके तहत मिटटी के गोले मे बीज को डालकर दूर दूर तक पौधा रोपण किया जाता है साथ ही वन एवं वन्यप्राणियो की सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दिया। छात्र छात्रओं ने पौधारोपण मे सहयोग कर जंगल की सुरक्षा करने का शपथ लिया यह कार्यक्रम गरियाबंद डीएफओ शशिकानंद के निर्देश एवं एसडीओ मनोज चन्द्राकर के मार्गदर्शन पर आयोजित किया जा रहा है वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री साहू ने बताया मैनपुर, नहानबिरी, बेहराडीह, जाड़ापदर, ठेमली, मोहदा, गौरघाट, कोदोभाठ, देहारगुड़ा दबनई, छोटे गोबरा, बड़े गोबरा काटीपारा मे 38 हजार सीड बाल के माध्यम से वृक्षारोपण किया जाना है जिसमे अर्जुन, बेहड़ा, बोहर, बेल, तेन्दु, ईमली करंज, गील्ची, जामुन, धनबोहार, हर्रा, काजू आम महुआ, चार, साजा, खैर बीज जैसे पौधो का रोपण किया जाना है इस मौके पर प्रमुख रूप से देहारगुड़ा के सरपंच महेश दिवान, पूर्व सरपंच डिगेश्वरी सांडे, पवन दिवान, देवन नेताम, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेश नाग, अघन सोरी एवं बड़ी संख्या मे वन विभाग के कर्मचारी छात्र- छात्राएं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# शालेय क्रीडा चयन स्पर्धा का खेल कैलेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विकासखंड स्तरीय शालेय क्रीडा चयन प्रतियोगिता का खेल कैलेंडर जारी किया गया। जारी कैलेंडर में खेलकूद से संदर्भित दिशा निर्देश, आयोजन स्थल एवं दिनांक का व्यवस्थित ब्यौरा दिया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के. एल. मतावले के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय बैठक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में आहूत की गई। जिसमें संस्था प्रमुख, व्यायाम शिक्षक एवं खेल जगत से जुड़े हुए शिक्षकगण प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। कैलेंडर अनुसार अलग-अलग आयु वर्ग अनुरूप खेलों के लिए तिथि निर्धारित की गई। बैठक में सभी विद्यालय के बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि प्रतिस्पर्धा बढ़ने से बच्चों के प्रतिभा में निखार आता है। व्यायाम शिक्षकों ने खेल की बारीकियों से अवगत कराया। खेल नियमो में हुए आंशिक संशोधनों की जानकारी दिए। बच्चों को सही नियम से खेल खिलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से विकासखंड नोडल डोमेश्वर ध्रुव, व्यायाम शिक्षक खिलेश्वर साहू, वसीम कुरेशी, राजू साहू, रामप्रसाद साहू, पंकज कुमार साहू, पूरन कुमार साहू, संजीत कुमार निषाद, बलिराम टंडन, शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, ओमप्रकाश वर्मा, संतोष पटेल, राजेश्वरी ठाकुर, उमेश कुमार ढीढी, शिवेन्द्र ध्रुव, जितेन्द्र सोनवानी आदि सम्मिलित हुए।



# 39 संकुलों में पहुंची पाठ्य पुस्तकें, जल्द होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नवीन शिक्षा सत्र 2026–27 के सफल संचालन के लिए जिले में शासकीय विद्यालयों तक पाठ्यपुस्तकों के वितरण का कार्य तेज गति से जारी है जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से अब तक जिले के अधिकांश संकुल केंद्रों में पाठ्य पुस्तकें पहुंचाई जा चुकी हैं तथा शेष सभी संकुलों में भी 30 जून तक पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी जाएगी। विभाग का लक्ष्य है कि प्रत्येक विद्याार्थी को समय पर नई पुस्तकें उपलब्ध हों और अध्ययन कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित हो। मैनपुर विकासखंड के 39 संकुल केन्द्रों मे आज कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्य पुस्तक पहुंच चुकी है जिसका जल्द वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी खंड स्त्रेत समन्वयक शिव कुमार नागे ने देते हुए बताया की पुस्तक सभी विद्यालयों तक जल्द वितरण किया जायेगा जिससे बच्चों की पढाई प्रभावित न हो। प्रशासन प्रत्येक छात-छात्राओं तक समयबद्ध रूप से पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



### नवागांव स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया तथा शासन की ओर से निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। म

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
- मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
- पेशाब की धार कमजोर होना
- पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
- यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
- किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
- किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
- सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

